

# वार्डों में चल रहे निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी हो : महापौर



नवभारत न्यूज
**मुरैना, 1 जून।** महापौर शारदा सोलंकी ने सोमवार को मेला ग्राउंड स्थित महापौर कार्यालय में निर्माण, राजस्व, गाड़ी अड्डा, जलकर एवं योजना शाखा सहित निगम की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे भी मौजूद रहे।

**गंदे पानी की शिकायतों पर दिखाई सख्ती, 7 दिन में नालों का एस्टीमेट देने के निर्देश**

महापौर ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए उपयंत्रियों को निर्देश दिए कि वार्डों में चल रहे कार्यों की नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने बड़े नालों के निर्माण के लिए 7 दिन के भीतर एस्टीमेट तैयार करने को कहा, ताकि बारिश में जलभराव की समस्या न हो। बैठक में आयुक्त श्री धाकरे ने लंबित कार्यों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जिन ठेकेदारों ने काम शुरू नहीं किया है, उनके टेंडर निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में निगम के सभी शाखा प्रमुख और अधिकारी उपस्थित रहे।

### गंदे पानी की शिकायतों के तत्काल निराकरण के दिए निर्देश

बैठक में महापौर ने गंदे पानी की शिकायतों पर नाराजगी जताते हुए जलकर शाखा प्रभारी को स्वयं वार्डों का भ्रमण कर समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।

### स्वच्छता थीम पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 10 जून से

बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 जून से मेला ग्राउंड पर स्वच्छता थीम आधारित महापौर कप रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। इसमें निगम के सभी 47 वार्डों की टीमें हिस्सा लेंगी।

## जौरा में नि:शुल्क न्यूरो-आर्थो चिकित्सा शिविर 11 को

**मुरैना/जौरा, 1 जून।** मेट्रो न्यूरो स्पाइन इंस्टीट्यूट एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ग्वालियर एवं अग्रवाल महासभा जौरा के संयुक्त तत्वावधान में 11 जून को नि:शुल्क न्यूरो, आर्थो चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर अग्रवाल धर्मशाला में प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगा। अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष डॉ. अशोक सिंघल ने बताया कि शिविर में प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ. संतोष त्रिपाठी न्यूरो, स्पाइन, लकवा, ब्रेन ट्यूमर, माइग्रेन, कमर दर्द, सुन्नपन एवं मिर्गी जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीजों का नि:शुल्क परीक्षण कर परामर्श देंगे। इसके साथ ही शिविर में हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. स्वप्निल जोशी, रीढ़ की हड्डी विशेषज्ञ डॉ. आशीष कुकरेजा भी मरीजों की जांच करेंगे। डॉ. सिंघल ने जौरा शहर सहित ग्रामीण इलाके के लोगों शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

# कॉलेज की गलती से 60 छात्रों का पेपर छूटा, बताई गलत तिथि

नवभारत न्यूज
**मुरैना, 1 जून।** बीसीए प्रथम वर्ष के 60 से अधिक छात्रों का इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी का पेपर छूटने के मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने श्रीराम ग्रुप्स ऑफ कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

**अभाविप बोली भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, दिया ज्ञापन**



अभाविप का आरोप है कि कॉलेज ने परीक्षा की गलत तिथि बताकर छात्रों को गुमराह किया, जिससे वे परीक्षा में शामिल नहीं हो सके।

अभाविप के प्रांत सह मंत्री सत्यादित्य सिंह तोमर ने कहा कि कॉलेज की लापरवाही से छात्रों का भविष्य संकट में पड़ गया है। वहीं जिला संयोजक सोम शर्मा ने मांग की कि प्रभावित छात्रों की पुन: परीक्षा कराई जाए या एटीकेटी की स्थिति में पूरा खर्च कॉलेज प्रशासन वहन करे।

अभाविप ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए कॉलेज प्रबंधन को दो दिन का अल्टीमेटम दिया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि मांगें नहीं मानी गईं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में सचिन शर्मा, प्रियांशु सिकरवार, जयवीर यादव, सचिन तिवारी आदि शामिल थे।

# सीएम की टिप्पणी पर जताया विरोध

नवभारत न्यूज
**मुरैना/जौरा, 1 जून।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के प्रति मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा कथित रूप से की गई टिप्पणी के विरोध में सोमवार को

**प्रार्थना कर मांगी सद्बुद्धि, जौरा के गांधी वाचनालय में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ता**

जौरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधीवादी तरीके से विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं ने गांधी वाचनालय में मुख्यमंत्री की टिप्पणी की निंदा करते हुए उनके



लिए ईश्वर से सद्बुद्धि की प्रार्थना की।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग राजनीतिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपनी टिप्पणी पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग भी की। इस मौके पर रामहेत त्यागी, दीपक यादव, अभिषेक जैन, ओमप्रकाश सखलेचा, राजकुमार सिंहल, रामहेत जाटव, शाहबुद्दीन उस्मानी, दिनेश मित्तल, बनवारी शाक्य, विजय जैन, भरत शर्मा, गोपाल शाक्य, रोहित आदि उपस्थित थे।

# परशुराम के जयकारों से गूंजा कैलारस, निकला चल समारोह

नवभारत न्यूज
**मुरैना/कैलारस, 1 जून।** भगवान परशुराम जयंती के मौके पर कस्बा कैलारस में रविवार को भव्य चल समारोह निकाला गया।

**चल समारोह में उमड़ा सैलाब, संतजनों सहित जनप्रतिनिधि हुए शामिल**

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से शुरू हुआ चल समारोह परशुराम चौक, महाराणा प्रताप चौक, अग्रसेन चौक सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए ब्राह्मण धर्मशाला पहुंचा। चल



समारोह में बड़ी संख्या में संतजन, जनप्रतिनिधियों सहित ब्राह्मण समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर पूरे नगर में भगवान परशुराम के जयकारे गूंजते रहे।

कार्यक्रम में जड़ेरुआ सरकार महंत हरीदास महाराज, महंत बाबा शेखपुर, बाबा दिनेशानंद महाराज, बरखंडी सरकार सहित कई संतों ने शामिल होकर आर्शीवचन दिए।

समारोह में जौरा विधायक पंकज उपाध्याय, पूर्व मंत्री गिर्राज डंडौतिया, एसडीओपी उमेश मिश्रा, शंकरलाल तिवारी, राजेन्द्र मरैया, भगवती शुक्ल ग्वालियर, आयोजन समिति के अध्यक्ष अरविंद हरदैनिया, कुलदीप शर्मा, भागीरथ शर्मा, प्रशांत शर्मा सहित हजारों की संख्या में ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### रासलीला में पूरी रात चला राम-परशुराम संवाद का मंचन

शोभायात्रा के बाद धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। रामलीला समिति घाड़ोर द्वारा भगवान परशुराम और भगवान श्रीराम के संवाद का आकर्षक मंचन किया गया। कार्यक्रम रात 9 बजे से प्रारंभ हुआ, जो प्रात: 4 बजे तक चला।

## एक नजर में



### महुआ में कांग्रेसियों ने सीएम का पुतला फूंका

**मुरैना/पोरसा, 1 जून।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महुआ के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के खिलाफप्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के प्रति मुख्यमंत्री की अमर्यादित टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शेरा तोमर के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक राजनीति में सार्वजनिक पदों पर बैठे व्यक्तियों को मर्यादित भाषा का प्रयोग करना चाहिए। इस मौके पर बलवीर शुक्ला, कुलदीप तोमर, भूपेंद्र तोमर, वीरेंद्र सखवार, दुर्गाप्रसाद शर्मा, शिवराज पटेल, धर्मवीर तोमर, अनिल लोधी, संजय सखवार, महावीर तोमर, मनोज सिंह, सतेंद्र सखवार, विनय गहलोत आदि उपस्थित थे।

### कट्टा-राउण्ड के साथ पकड़े बदमाश को 2 साल सश्रम कैद

**मुरैना।** जेएफएमसी न्यायालय सबलगढ़ ने कट्टा और जिंदा राउण्ड के साथ पकड़े गए रामविलास पुत्र अमृतलाल रावत नि. रतनपुर थाना सबलगढ़ को आर्म्स एक्ट की धाराओं में दोषी मानते हुए 2 वर्ष सश्रम कारावास और 1 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार 31 जनवरी 2019 को सबलगढ़ पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान कस्बे में कुतघान तिराहे पर वारदात के इरादे से घूम रहे रामविलास रावत को गिरफ्तार किया था। उसके पास से पुलिस ने 315 बोर का कट्टा और जिंदा राउण्ड जब्त किए थे। पुलिस ने आर्म्स एक्ट का अपराध दर्ज किया था। न्यायालय ने अभियोजन की ओर से प्रस्तुत मौखिक, दस्तावेजी एवं अन्य साक्ष्य एवं दलीलों के आधार पर आरोपी रामविलास को दोषी मानते हुए 2 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किए जाने का फैसला सुनाया। शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी राजेन्द्र कुमार वर्मा ने की।

### पोरसा में सिटी नंबर-2 फीडर पर आज 5 घंटे सप्लाई बंद रहेगी

**मुरैना/पोरसा।** कस्बा पोरसा में 11 केवी सिटी नंबर-2 फीडर पर आवश्यक संधारण कार्य के चलते आज 2 जून को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत विभाग के अनुसार कार्य के दौरान संबंधित क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। बिजली कटौती से किर्रायंच रोड, भिंड रोड, गोकुलपुरा, दुर्ग का पुरा, धनेटा रोड, धनेटा गांव, पूठा एवं गांधीनगर सहित आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। संधारण कार्य की प्रगति के अनुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहने की अवधि में कमी या बढ़ोतरी की जा सकती है।

### पिपरई गांव में फायरिंग करने वाला कालिया गिरफ्तार

**मुरैना।** महुआ थाना क्षेत्र के पिपरई गांव में पुराने विवाद को लेकर 31 मई को फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले शिवशंकर उर्फ कालिया पुत्र श्रीकृष्ण शर्मा को पुलिस ने सोमवार को दबोच लिया। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा राउण्ड बरामद किए है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। कार्रवाई में महुआ थाना प्रभारी एसआई धर्मेन्द्र सिंह गौर, प्र.आर. कोकसिंह, रविन्द्र सिंह, आरक्षक अनिल परमार, विनय नरवरिया, अजीत, वीरबल सिंह आदि शामिल थे।



# मारपीट करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना, 1 जून।** दो दिन पूर्व 30 मई को शहर के बिहारीजी का पड़ाव में किराना व्यापारी अनिल मित्तल के साथ मारपीट कर रंगदारी की डिमांड करने वाले 5 आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने 1 जून को दबोच लिया। जानकारी के अनुसार घटना को लेकर पुलिस ने अनिल मित्तल की रिपोर्ट पर मारपीट, रंगदारी की धाराओं में अपराध क्रं. 243/2026 दर्ज किया था। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। 1 जून को मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने बड़ोखर क्षेत्र में पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास से आरोपी कमलेश खरे पुत्र जसराम, अनिल पुत्र रघुवीर लोखरे, राजेश पुत्र रघुनाथ जाटव, महेश पुत्र मोतीराम जाटव और नंदकिशोर पुत्र जसराम खरे निवासीगण सहरैयन का पुरा दिमनी को दबोच लिया। कार्रवाई में निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया और उनकी टीम शामिल थी।



# बाल श्रम रोकने ईंटभट्टा-खदानों पर रहेगी खास नजर



नवभारत न्यूज
**मुरैना, 1 जून।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने बाल एवं बंधक श्रम उन्मूलन को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि न्यायालयीन आदेशों का समयबद्ध पालन सुनिश्चित किया जाए।

**कलेक्टर के सख्त निर्देश, 12 जून को होगी कार्यशाला**

सोमवार को आयोजित जिला टास्क फोर्स एवं सतर्कता समिति की बैठक में उन्होंने विभागीय समन्वय और जनजागरूकता गतिविधियों पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने एसडीएम को अपने क्षेत्रों में नियमित बैठकें आयोजित कर बंधक श्रम की रोकथाम, पहचान और मुक्ति के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही ईंटभट्टों, खदानों और अन्य संवेदनशील कार्यस्थलों पर विशेष निगरानी रखने को कहा।

### 12 जून को चलेगा जागरूकता अभियान

बैठक में निर्णय लिया गया कि विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर 12 जून को कार्यशाला आयोजित की जाएगी। सार्वजनिक स्थलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर जागरूकता स्टिकर लगाए जाएंगे तथा जिंगल और प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को बाल श्रम निषेध कानूनों की जानकारी दी जाएगी।

# नाले नालियों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया

**सबलगढ़, 1 जून।** नगर में नगर पालिका द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिसका नेतृत्व अनुविभागी अधिकारी राजस्व मेघा तिवारी द्वारा किया जा रहा है

नगर में दो वर्षों से गंदे नालों की सफाई नहीं हुई थी जिससे बरसात होने पर नगर के कई इलाकों में जल भराव की समस्या पैदा हो जाती है पिछले वर्ष भी बरसात होने पर तालाब से पानी ओवरफ्लो होकर नगर की कई बस्तियों के मकानों ओर दुकानों में भर गया था जिससे लाखों रुपये



का नुकसान हो गया था इस वर्ष भी बरसात आने में कुछ ही समय बाकी हैं पिछले दो दिन से नगर में बरसात भी हो रही है एस डी एम मेघा तिवारी ओर नगर पालिका सी एम ओ सौरभ कुमार के द्वारा निरीक्षण करके एम एस रोड के नालों में जे सी बी से सफाई कर नालों में भरा कचरा ओर कीचड़ निकाली जा रही है आज भी पोस्ट ऑफिस से लेकर सिविल अस्पताल तक नाले की सफाई की गई थी वही कन्याशाला के सामने जो नाला कच्छ पड़ा था उसको भी पक्का किया जा रहा है

इस संबंध में विगत 25 दिनों से नगर पालिका कार्यालय में धरना दे रहे पार्षद मोहन पचौरी ने कहा है कि नालों से जो कीचड़ निकाली जा रही है उसको वहां से उठाकर शीघ्र नगर से बाहर फिकवाया जाए जिससे वह दुवारा नालों में नहीं जाए।

# चंबल की रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली पकड़े, ड्राईवर गिरफ्तार

**मुरैना, 1 जून।** रिठौराकलां थाना पुलिस ने 1 जून को ऐंती पर्वत स्थित शनिदेव मंदिर जाने वाले मार्ग से होकर चंबल नदी की रेत का अवैध रूप से परिवहन कर रहे लाल रंग के महिन्द्रा ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया। पुलिस ने ट्रेक्टर चला रहे ड्राईवर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध मप्र खनिज अधिनियम की धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी एसआई संतोषबाबू गौतम और रिठौराकलां थाने का फोर्स शामिल था।



# 15 से पहले साफ हों नाले-नालियां

नवभारत न्यूज
**मुरैना, 1 जून।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने टाइम लिमिट बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 जून से पहले नालियों और जल निकासी तंत्र की सफाई पूरी कर जलभराव रोकने की कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान कहीं भी जलभराव की स्थिति नहीं बननी चाहिए। बैठक में कलेक्टर ने खनन प्रभावित क्षेत्रों में रोजगारोन्मुखी योजनाओं पर विशेष जोर देते हुए कौशल विकास, पशुपालन और स्वरोजगार योजनाओं के लिए जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। कलेक्टर ने सभी बच्चों की अपार आईडी और आधार आधारित अपडेटेशन 30 जून तक शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। इसके लिए जून माह के प्रत्येक शनिवार को मेगा अपार दिवस मनाया जाएगा जिसमें विशेष शिविर लगाकर लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।




## प्रथम पृष्ठ का शेष ...






इस केस का खुलासा होने पर पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की थी। जिसमें राधा चौबे, भूपेन्द्र धाकड़ मुख्य आरोपी थे। बताया जा रहा है कि इस अपराध में राधा और भूपेन्द्र गिरफ्तार होने के बाद जेल की हवा खाकर करीब 3 महीने पहले रिहा हुए थे।

**डेढ़ साल की बेटी का पिता था भूपेन्द्र :** जानकारी के अनुसार मृतक भूपेन्द्र धाकड़ की शादी करीब 3 साल पहले विजयपुर तहसील के गांव निवासी सरस्वती के साथ हुई थी। भूपेन्द्र को सरस्वती से डेढ़ साल की बेटी भी है। भूपेन्द्र के पिता किसान है, परिवार में उसका एक छोटा भाई भी है। बताया जा रहा है कि विगत कुछ सालों से भूपेन्द्र ग्वालियर में रह रहा था, इसी दौरान वो राधा चौबे के संपर्क में आया और दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए थे।

**मृतक भूपेन्द्र का वीडियो वायरल, पिता को बताया जिम्मेदार :** कथित प्रेमिका के साथ खुदकुशी करने वाले भूपेन्द्र का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में भूपेन्द्र अपनी मौत के लिए पिता को जिम्मेदार ठहरा रहा है। उसके द्वारा अपने पिता के पुत्रवधु के साथ अनैतिक रिश्ते होने के आरोप भी लगाए जा रहे है।